कोरोना की 'तीसरी' लेहेर सम्भंदित चुनौतियाँ एवं संभाव्य तरीके

देश में कोरोना की 'तीसरी' लहर ने दस्तक दे दी है और इसके पीछे कोरोना का नया वैरिएंट 'ओमिक्रॉन' बताया जा रहा हैं | जहाँ एक तरफ महानगरों में केसेस तेज़ी से बढ़ रहे हैं, वहीं दूसरी ओर इसका प्रभाव ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्रों पर कितना होगा, वह चिंता का विषय बना हुआ हैं | हम सभी के ज़हन में कोविड -19 की दूसरी लेहर का भयावह काल चिन्हित हैं | पिछले साल अप्रैल-मई के महीने में देश का हालात दिल दहलानेवाला था | अधिकांश जगहों पर बेड्स और ऑक्सीजन की कमी थी एवं अस्पताल से लेकर शमसान तक हालात झकझोरने वाला था। ऑक्सीजन की किल्लत ने देश की स्वास्थ्य तंत्र को नई मुसीबत में डाला था और लोग अस्पताल के बाहर सांस तोड़ने पर विवश थे। कई सोशल मीडिया और न्यूज़ पर हम रोज़ देख रहे थे कि परिजन ऑक्सीजन सिलिंडर के लिए इधर-उधर भाग रहे थे।समा में हम पहले भी ऐसे कार्यशाला आयोजित किए है जिसमें हमने स्वास्थ्य एक्सपर्ट द्वारा कोविड, कोविड मरीज़ो की देखभाल,आने वाले महामारियों की तैयारी एवं कार्यनीतियों पर जागरूकता बढ़ाई है | इसी संदर्भ में हम और एक कार्यशाला आयोजित कर रहे है, 21 जनवरी, 2022 को दोपहर 3pm से 5pm बजे जिसमें कोरोना के नए वैरिएंट 'ओमिक्रॉन' के विषय पर चर्चा की जाएगी एवं हमें 'तीसरी' लेहर के दौरान किन चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता हैं उस पर रौशनी डाली जाएगी| आने वाले समय में हम अपना बचाव किस प्रकार कर सकते हैं, और कोविड मरीज़ों की देखभाल हेतु भी सुझाव दिए जायेंगे | यह कार्यशाला हिंदी में आयोजित की जा रही है |

इस कार्यशाला में हम पुनः डॉ योगेश जैन को आमंत्रित कर रहे है जो जन स्वास्थ्य चिकित्सक हैं एवं पिछले 25 सालों से ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में कई सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों के साथ जुड़े हुए है | डॉ योगेश जैन, जन स्वास्थ्य सहयोग छत्तीसगढ़ के संस्थापक सदस्य भी है | उनकी प्रस्तुतीकरण में ओमिक्रॉन वैरिएंट और 'तीसरी 'लहर से उत्पन्न समस्याओं से हम किस प्रकार अपना बचाव कर सकते हैं उस पर विश्लेषण किया जायेगा |

हम आशा करते है आप इस कार्यशाला में ज़रूर भाग लेंगे | हम अनुरोध करते है कि आपकी भागीदारी के साथ -साथ आप 5 ऐसे कार्यकर्ताओं को भी आमंत्रित करें जो सामुदायिक स्तर पर स्वास्थ्य पर काम कर रहे हो जैसे कि आशा / ए एन एम/अन्य स्वास्थ्य कार्यकर्ता |

इस मीटिंग की जानकारी हम नीचे दे रहे है :

विषय : **कोरोना की 'तीसरी' लेहेर सम्भंदित चुनौतियाँ एवं संभाव्य तरीके**
समय : 21 जनवरी, 2022 को दोपहर 3pm से 5pm

Join Zoom Meeting (using link given below):

https://us02web.zoom.us/j/85155003207?pwd=dTA0OWdLZTdPejZja3BVaFVFVjBOQT09
Meeting ID: 851 5500 3207
Passcode: 161689

धन्यवाद!
नीलांजना

Sama Resource Group for Women and Health
B-45, 2nd Floor, Main Road Shivalik, Malviya Nagar, New Delhi - 110017
email: <sama.publichealth@gmail.com>
Website: www.samawomenshealth.in